राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र. दिल्ली सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, दिल्ली सचिवालय
9वां तल–ए विंग, आई पी एस्टेट, नई दिल्ली

F. No. स्वा.एव.प.क.वि./ प्र0शा0 / 2021/ 1011

दिनांक:- 31/12/2021

सेवा में

उप–सचिव, (प्रश्न शाखा)
दिल्ली विधानसभा सचिवालय,
पुराना सचिवालय, दिल्ली -110054

**विषय: विधान सभा सत्र दिनांक 03.01.2022 में माननीय विधायक श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या –27 का उत्तर ।**

**(अतारांकित प्रश्न संख्या – 27)**

महोदय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग से सम्बंधित उत्तर की 100 प्रतियां अग्रिम कार्रवाई हेतु संलग्न है ।

यह सक्षम अधिकारी की पूर्व स्वीकृति से जारी किया गया है ।.

(आर0पी0एस0 मोखा)
उपसचिव (प्रष्न षाखा)

संलग्न –उपरोक्त

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार
9वां तल–ए विंग, आई पी एस्टेट, नई दिल्ली

| | | |
|---|---|---|
| तारांकित / अतारांकित | : | अतारांकित |
| प्रश्न संख्या | : | 27 |
| दिनांक | : | 03.01.2022 |
| प्रश्नकर्त्ता का नाम | : | श्रीमती प्रमिला धीरज टोकस |

क्या माननीय स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:–

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| क) | विभाग को प्रत्येक जिले में कोविड–19 घर घर टीकाकरण के लिए अनुरोध प्राप्त हुए हैं; | घर पर कोविड–19 टीकाकरण के अनुरोध सीधे सम्बंधित जिला कॉल सेंटरों/जिला अधिकारियो में दर्ज किए जाते हैं । |
| ख) | विभाग द्वारा प्राप्त आवेदनों का पूर्ण विवरण दें; | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के 11 जिलों की रिपोर्ट के अनुसार, अब तक घर आधारित टीकाकरण के लिए जिला कॉल सेंटर पर 726 अनुरोध प्राप्त हुए हैं । इसके अतिरिक्त, 1664 लाभार्थियों को दिल्ली में घर पर टीका लगाया गया है । |
| ग) | इस संबंध में विकलांग लोगों को यह सुविधा प्रदान करने के लिए सरकार की क्या योजना है; और | विकलांगों के लिए सभी जिलों में समर्पित कोविड टीकाकरण केंद्र स्थापित किए गए हैं । इसके अतिरिक्त गम्भीर रूप से दिव्यांग लाभार्थियों के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में घर पर कोविड–19 टीकाकरण का संचालन किया गया है । |
| घ) | इस संबंध में आवेदन प्रक्रिया व संबंधित जिलों का पूर्ण विवरण प्रदान करें? | घर आधारित टीकाकरण के लिए जिलावार कॉल सेंटर/हेल्पलाईन, गम्भीर रूप से विकलांग और अचल लाभार्थियों को बुलाने और पंजीकरण के लिए पहले ही चालू कर दिया गया है, प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञापनों के माध्यम से मास मीडिया में विधिवत और व्यापक रूप से प्रचारित किया गया है ।<br>इसके अतिरिक्त "हर घर दस्तक अभियान" के तहत दिल्ली के सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रो में वर्तमान में कोविड–19 टीकाकरण शिविर/आउटरीच सत्र आयोजित किए जा रहे हैं । |

31.12.2021

(मनीषा सक्सैना)
प्रधान सचिव
स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

MANISHA SAXENA
Pr. Secretary
Health & Family Welfare Deptt.
Govt. of NCT of Delhi
Delhi Secretariat, New Delhi-02